26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 24 नवम्बर, 2025
अंक- 31 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## जस्टिस सूर्यकांत ने ली सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की शपथ

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज उच्चतम न्यायालय के 53वें मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलायी। उन्होंने हिंदी में शपथ ली और शपथ ग्रहण के बाद पूर्ववर्ती मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई से गले मिलकर उनका गर्मजोशी से अभिवादन किया। उनका कार्यकाल नौ फ़रवरी 2027 तक होगा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत हुए हैं। इस बार का शपथ ग्रहण समारोह इस दृष्टि से भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि इसमें छह देशों-भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरीशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल हुए। यह पहली बार है कि भारतीय मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में इतना बड़ा विदेशी न्यायिक प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह सहित अन्य प्रमुख केन्द्रीय मंत्री और हस्तियां मौजूद रहीं।



# तस्वीरें खुद बयां कर रही हैं सड़क का हाल

## क्यूं न उठें प्रशासन की मंशा पर सवाल?





बिजनौर (चिंगारी)। ये तस्वीरे किसी दूर-दराज के गांव की नहीं हैं। न ही ये बरसात के दिनों की हैं। दोनों तस्वीरें आज की ही हैं और जिला मुख्यालय से सटे ग्राम रशीदपुर गढ़ी की हैं। कहने को तो यह बिजनौर-नगीना राजमार्ग है, लेकिन इसकी हालत बताती है कि जैसे यह तस्वीरें दो-तीन दशक पुरानी हैं, जब सड़कों की हालत अच्छी नहीं थी। आज देश में हाईवे और एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं, सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, गड्ढामुक्त सड़क अभियान चल रहा है, लेकिन बिजनौर जिला मुख्यालय पर बैठे अफसरों को अपनी नाक के नीचे हो रही सड़क की यह दुर्दशा या तो नजर नहीं आती या फिर इसे नजरअंदाज कर प्रशासन किसी गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। ये तस्वीरें खुद बताती हैं कि सड़क की हालत कैसी है और यहां हालात क्या हैं। सड़क पर गहरे गड्ढे साफ नजर आ रहे हैं, जिनमें बिना बरसात पानी भरा हुआ है। ये गड्ढे कितने खतरनाक हैं, यह इन तस्वीरों से ही साफ पता चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार बच्चों की रिक्शा भी इन गड्ढों की वजह से पलट चुकी हैं। इस मार्ग से गुजरना बहुत जोखिम भरा हो गया है, लेकिन प्रशासन एवं सम्बंधित विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंग रही।

## पीएम मोदी कल रामलला की धर्मध्वजा फहराएंगे

अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में रामविवाह के पावन अवसर पर मंगलवार को अयोध्या के महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विशेष विमान से उतरेंगे और रामनगरी अयोध्या में ध्वजारोहण के साथ श्री मोदी राममंदिर निर्माण के पूर्ण होने की घोषणा करेंगे। श्री मोदी यहां साढ़े चार घंटे रहेंगे। इसके बाद श्री मोदी अपराह्न एक बज कर 55 मिनट पर यहां से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से राममंदिर के शिखर पर 11 बज कर 55 मिनट पर ध्वजारोहण होगा और इसी ध्वजारोहण के साथ श्री मोदी राममंदिर निर्माण के पूर्ण होने की घोषणा करेंगे। जिसके साक्षी 6000 से अधिक आमंत्रित अतिथि, निर्माण कार्य में लगे 1200 से अधिक इंजीनियर एवं सहयोगी कर्मचारी और व्यवस्था में लगे 600 से अधिक स्वयंसेवक के साथ 1000 से अधिक सुरक्षाकर्मी बनेंगे। उनका महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय और भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों नेताओं के साथ प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे उनके साथ प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे।

### छपते-छपते

## धर्मेंद्र के घर के बाहर फिर हलचल, एंबुलेंस दिखी

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के घर के बाहर आज एक एंबुलेंस देखी गई। जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस के घर में प्रवेश करने के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई और घर से करीब 50 मीटर की दूरी तक बैरिकेडिंग कर दी गई। घटना के बाद आसपास के इलाके में हलचल बढ़ गई है। हालांकि, समाचार दिये जाने तक यह स्पष्ट नहीं है कि एंबुलेंस क्यों पहुंची और किसकी सेहत को लेकर मेडिकल टीम घर पहुंची। अधिकारी और परिवार की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। अभिनेता धर्मेंद्र के घर पर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज का आना शुरू हो गया है। इसके बावजूद उनकी हेल्थ पर ऑफिशियल बयान अभी नहीं आया है।

**दुकान किराये हेतु**

सिविल लाइन बिजनौर में एक दुकान किराये हेतु उपलब्ध है। सम्पर्क करें-
9897789516

**आवश्यकता**

दैनिक बिजनौर टाइम्स व चिंगारी संस्थान को एक कार्यालय सहायक की आवश्यकता है।
योग्यता-स्नातक।
वेतन योग्यतानुसार
प्रातः-10.30 से सायं 5.00 बजे तक
कार्यालय-नई बस्ती बी-14 निकट जैन धर्मशाला,बिजनौर
सम्पर्क करें- 9927500730

**आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।**

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281



डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ



मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)





सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

# वीएसडी स्कूल में सफलतापूर्वक हुआ स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर



**बिजनौर (चिंगारी)।** वी.एस.डी. पब्लिक स्कूल, बिजनौर में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का आज उत्साहपूर्ण समापन हुआ। यह शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीमवर्क तथा राष्ट्रीय सेवा के मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों ने अत्यंत उत्साह, समर्पण और अनुशासन के साथ भागीदारी की। इस विशेष शिविर के संचालन हेतु सहारनपुर से अनुभवी प्रशिक्षक दल विद्यालय में आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षकों ने बच्चों को स्काउटिंग के विभिन्न आयामों- जैसे प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, टोली गठन, नोड्स एवं लशिंग, सामूहिक गतिविधियां, जीवन-कौशल, राष्ट्र-सेवा और अनुशासन-पर व्यावहारिक एवं रोचक प्रशिक्षण प्रदान किया। बच्चों ने पूरे शिविर के दौरान विभिन्न ड्रिल, शारीरिक गतिविधियों, ज्ञानवर्धक सत्रों और समूह-आधारित कार्यों में सक्रिय योगदान दिया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व गुणों का विकास हुआ। समापन सत्र के दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल विनय चौधरी तथा वाइस-प्रिंसिपल अंजुम इरफाना मैम ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों को न केवल आत्मनिर्भर बनाती हैं, बल्कि उनमें सेवा, अनुशासन और देशभक्ति के भाव को भी मजबूत करती हैं। पूरे शिविर के आयोजन, संचालन और समन्वय में विद्यालय की हिंदी विभाग की अध्यापिका अफसाना मैम एवं सुमन मैम का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन, सूझबूझ और अथक प्रयासों से समूचा प्रशिक्षण शिविर सुव्यवस्थित और प्रभावशाली तरीके से संपन्न हो सका। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों अध्यापिकाओं के उत्कृष्ट संगठन एवं नेतृत्व की सराहना की।



## मुलायम सिंह यादव को खिराजे अकीदत पेश किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तसलीम कुरैशी के जलालाबाद स्थित निवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर सपा के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्हें याद कर खिराजे अकीदत पेश किया। सपा कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के आदर्शों पर चलने व पार्टी को मजबूत बनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं ने एसआईआर के पूरे फॉर्म भरने व अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सपा के पूर्व नगराध्यक्ष नफीस अहमद, अफसर कुरैशी, फुरकान खां, आफताब राइन, वीरेंद्र यादव एड.., जाहिद मकरानी, परवेज शेख, हाफिज खलील अहमद गुड्डू, मौ. अकरम आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चे नगर पालिका कार्यालय का भ्रमण कर हुये आनंदित

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने नगर पालिका कार्यालय का भ्रमण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य निरीक्षक व अधिशासी अधिकारी ने बच्चों को शासन की योजनाओं व पालिका के कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा तथा राज्य परियोजना परियोजना निदेशक कार्यालय के आदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर विद्यार्थियों को आनंदमय वातावरण अंतर्गत शिक्षा में समग्र एवं समावेशी विकास तथा वास्तविक जीवन की स्थितियों के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए बैग्लेस दिवस के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने नगर पालिका परिषद का भ्रमण किया। पूर्व बीआरसी तथा वरिष्ठ शिक्षक मोबीन हसन के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी ने नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे स्वास्थ्य व स्वच्छता के कार्यों के सम्बंध में विस्तार से बताया। अधिशासी अधिकारी मुक्ता सिंह ने बच्चों को नगर पालिका के कार्य, दायित्वों, संचालन तथा आय व व्यय के सम्बंध में बताते हुए नगर विकास में चलाई जा रही शासन की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से खूब मन लगाकर पढ़ने तथा अपने माता-पिता के साथ ही अपने नगर का नाम रोशन करने को कहा। भ्रमण के दौरान बच्चे बहुत आनंदित हुए। भ्रमण में मोबीन हसन के साथ सभी स्कूली बच्चों के साथ ही शिक्षिका शहनाज, नजमा, कुमुद, राधा तथा विनीत रहे। इस अवसर पर नगर पालिका के प्रधान लिपिक मोहम्मद अफजाल का सराहनीय सहयोग रहा।



## अन्नदाता खुश होगा, तब ही देश प्रगतिशील बनेगा: इंतज़ार मूसा



मनोनयन पत्र भेंट करते राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा।

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रन्ति अराजनैतिक का कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन जलालाबाद में आयोजित किया गया। नगर अध्यक्ष जलालाबाद नसीम अहमद की ओर से आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि भाकियू कृषि क्रन्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतेजार मूसा का जोरदार स्वागत किया गया। सगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों की उपस्थिति में नसीम अहमद को जलालाबाद नगर अध्यक्ष पद का मनोनयन पत्र भेंट कर उनका फूल मालाओ से स्वागत किया गया। डॉ. शाहवाज ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतेजार मूसा ने बताया कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त जारी की है। जिसमे जिला बिजनौर के लगभग तीन लाख से ज्यादा किसानों के खातों मे किसान सम्मान निधि के पैसे आये। उन्होंने कहा कि किसान खेत में तथा उनके जवान सीमा पर डटे हुए है। देश का अनदाता खुश होगा, जब ही देश प्रगतिशील बनेगा। उनकी यूनियन किसानों के मुद्दे लगातार उठाती आ रही है। वह सरकारी अधिकारियों तक किसानों की समस्याएं पहुंचाकर उनका समाधान करा रहे है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विमल कुमार, युवा जिला अध्यक्ष फहीम मिर्जा, तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद हैप्पी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सरताज जौहरी, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. शाहनवाज, युसूफ, अर्जुन शर्मा, विवेक कुमार, गुलजार, असद, इरशाद आलम, इरशाद, नफीस, राजेंद्र सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एमडीएस व एमडीकेवी की वार्षिक पत्रिकाओं का विमोचन

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन मोहा



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रबन्ध समिति के पूर्व अध्यक्ष साहू रमेशचन्द जैन की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एमडीकेवी व एमडीएस इंटर कॉलेज द्वारा सामूहिक रूप से एक समारोह का आयोजन एमडीकेवी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मैनेजिंग ट्रस्टी भारतीय ज्ञानपीठ नई दिल्ली साहू अखिलेश जैन का स्वागत किया गया। समारोह में एमडीकेवी, एमडीएस व बाल मंदिर के छात्र-छात्राओं ने नाटक, नृत्य, डांस व अन्य सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन एमडीएस इंटर कॉलेज के छात्र पीयूष शर्मा, पार्थ अग्रवाल व एमडीकेवी की छात्रा रसाल राणा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका दीपशिखा तथा एमडीएस की पत्रिका ज्ञान गंगा का मुख्य अतिथि अखिलेश जैन द्वारा विमोचन किया गया। मुख्यअतिथि अखिलेश जैन ने दोनों विद्यालयों के प्रबंधकों नीरज जैन व डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना तथा प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी व श्रीमती सुनीता चौधरी की दोनों विद्यालयों को आगे बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एमडीएस व एमडीकेवी में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें संस्कारित शिक्षा दी जा रही है, जिससे बच्चे आगे बढ़कर उच्च पदों पर पहुंच रहे हैं। मुख्य रूप से प्रस्तुत कार्यक्रमों में एमडीएस बाल मंदिर के छोटा बच्चा जान के हम को ना समझाना रे, मुझे रंग दे, रंग दे रंग दे। अंधेर नगरी चौपट राजा, रेटरों थीम, महाभारत, सोलो डान्स, ध्रूमपान एकल नाटक, कान्हा सो जा जरा, एकल राधा-कृष्णा, कोमल है कमजोर नहीं तू, पंजाबी डांस, के एकल डान्स, लोक नृत्य, महाकाल डान्स की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में प्रबंध कमेटी के सदस्य शिवकुमार माहेश्वरी, एमडीएस बाल मंदिर की प्रधानाचार्य अरूणा कौशिक, नरेश वैद्य, सुधीरचंद अग्रवाल, वरिष्ठ शिक्षक अनिल योगी, प्रमोद शर्मा, लोकेंद्र रंजन, नीरज वर्मा, दिवाकर, पृथ्वीराज चौहान, एके चौहान, अनूप कुमार, अंकुर चौधरी, अशोक रवि, हरेंद्र तोमर, राहुल प्रजापति, शिक्षिकाएं फरहा, रेखा, शिवानी, मृदुला, आयुषी, स्टाफ प्रशांत, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

रामपुर ने जीती हॉकी टूर्नामेंट की ट्राफी ( पेज 8 )



# रील बनाने के चक्कर में किशोर की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** रील बनाने के शौक ने एक किशोर की जान ले ली। किरतपुर पुलिस शव को अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिये भेज चुकी थी, तब मां-बाप को अपने जिगर के टुकड़े की ट्रेन से कटकर मौत हो जाने का पता लगा।

नांगल थानांतर्गत ग्राम पूंडरी कलां का निवासी सादिक (15 वर्ष) पुत्र फजल कल अपराह्न दो-ढाई बजे गांव के जंगल के सामने मालन नदी के पुल पर स्थित रेलवे ट्रैक पर कुछ अन्य युवकों, किशोरों के साथ रील बनाने गया था। वहां अप लाइन पर ट्रेन के आगे दौड़कर रील बनाने के चक्कर में किशोर ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। किशोर का शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया था। किशोर के साथ गये अन्य किशोर/ युवक घबराकर वहां से भाग गये और किसी से घटना का जिक्र नहीं किया।

घटनास्थल किरतपुर थाना क्षेत्र में पड़ता है। पुलिस वहां पहुंची और उपस्थित ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, मगर कोई शव की पहचान नहीं कर पाया। वहां मौजूद युवकों ने शव का वीडियो बना लिया था। वीडियो को देखकर देर शाम लगभग 7 बजे फजल ने अपने पुत्र सादिक की शिनाख्त की। परिजन किरतपुर थाने पहुंचे, मगर पुलिस अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज चुकी थी। आज किशोर के शव का पोस्टमार्टम हुआ। किशोर आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज चंदक में कक्षा 9 का छात्र था तथा गांव में अफरोज की नाई की दुकान पर काम भी सीख रहा था। घटना से उसके मां-बाप गहरे सदमे में हैं।

# वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत



मृतक का फ़ाइल फ़ोटो

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बिजनौर मार्ग पर ग्राम धमरौली के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। कल शाम थाना क्षेत्र बिजनौर के गांव सडियापुर निवासी युवक पंकज सिंह (30)पुत्र मामचन्द बाइक द्वारा हल्दौर के गांव अम्हेड़ा में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। घर वापस लौटते समय गांव जाने की बजाय नूरपुर की ओर चल दिया। ग्राम धमरौली के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि तीन माह बाद पंकज की शादी होने वाली थी। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# महिला को बचाने के चक्कर में डीसीएम चबूतरे में घुसी



**पैजनिया ( चिंगारी )।** बिजनौर-नूरपुर हाईवे पर एक वृद्ध महिला को बचाने के चक्कर में आलू से लदी डीसीएम कैंटर दुकान के चबूतरे में घुस गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया तथा सड़क की एक साइड पर जाम लग गया।

आज तड़के 5:15 बजे ऊना हिमाचल प्रदेश से आलू की बोरियां लादकर बरेली जा रही डीसीएम कैंटर संख्या यूके 04 सीसी 1654 सड़क पार कर रही एक वृद्ध महिला को बचाने के चक्कर में नूरपुर मार्ग स्थित बिट्टू सैनी की मोबाइल की दुकान के चबूतरे में जा घुसा। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम कैंटर को साइड में कराकर नूरपुर मार्ग पर लगे जाम को खुलवाया। कैंटर चालक बरेली निवासी नईम ने बताया कि डीसीएम कैंटर डिवाइडर पर चढ़कर चबूतरे में नहीं घुसता तो वृद्ध महिला की जान चली जाती।

# बाइक गहरे गड्ढे में गिरी, एक की मौत

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** गत रात्रि शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार के अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मंडावली निवासी गुलशन पुत्र विशम्बर एक शादी समारोह से बाइक पर सवार होकर गलत दिशा से मंडावली की ओर अपने घर आ रहे थे। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर ओम चौधरी हॉस्पिटल के पास गहरे गड्ढे में जा गिरी, जिससे गुलशन और पीछे बैठा मंदीप पुत्र श्याम सिंह घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल गुलशन को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक की मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# वाहन की टक्कर में युवक घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर-हल्दौर मार्ग पर रविवार को सुबह के 11 बजे नगीना देहात के ग्राम चांदा नवादा निवासी साकिब पुत्र याकूब बाइक से अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। पीछे से अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे राहगीरों की मदद से सीएससी में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी...**

# आतंकवाद की चुनौती

हाल में दिल्ली में बम धमाके तथा फरीदाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी से स्पष्ट हो गया है कि देश में आतंकवाद का खतरा अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। आतंकवाद पर गंभीर विमर्श और कार्रवाई जरूरी है। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है और इसे खुफिया तंत्र, पुलिस और सेना तक सीमित नहीं किया जा सकता है। आतंकवाद एक प्रकार की सामाजिक और मनोवैज्ञानिक अवधारणा है जिसके जन्म लेने के कारणों को समझना उसे समूल रूप से समाप्त करने के लिए जरूरी है। आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है और विडंबना है कि विभिन्न देशों की सरकारें तथा नेता और जन-संगठन अपनी राजनीतिक सुविधा के अनुसार अनेक आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' तक बताती रही हैं। इसके कारण कुछ खास किस्म के आतंकियों को 'अच्छे आतंकी' और दूसरों को 'बुरे आतंकी' कहा जाता रहा है। यही कारण है कि दशकों से आतंकवाद का अभिशाप झेल रही दुनिया अब तक 'आतंकवाद' की एक सर्वमान्य परिभाषा तक नहीं बना सकी है। लंबे समय से भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा का विशेष अधिवेशन केवल आतंकवाद की समस्या पर बुलाने का आह्वान कर रहा है, पर अब तक उसकी मांग नहीं मानी गई है। भारत लंबे समय से आतंकवाद का सामना कर रहा है। जहां पड़ोसी पाकिस्तान सीधे-सीधे आतंकवादी संगठनों को प्रोत्साहित और वित्त पोषित करता है, वहीं उसका 'सदाबहार दोस्त' चीन अनेक आतंकियों को प्रश्रय देने के लिए सुरक्षा परिषद में अपने वीटो अधिकार का प्रयोग भी करता रहा है। इस प्रकार आतंकवाद प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से से कुछ देशों की 'राज्य नीति' का अंग बन गया है और इसी कारण इसका समाप्त होना तो दूर, यह लगातार बढ़ता जा रहा है और नए-नए रूपों में हमारे सामने आ रहा है। अब तक यह समझा जाता था कि गरीब और कम पढ़े-लिखे एक समुदाय के नौजवान ही आतंकवाद की ओर आकर्षित होते हैं, पर दिल्ली बम धमाके के बाद डाक्टरों व अन्य उच्च शिक्षित लोगों का जो आतंकी नेटवर्क सामने आया उसने अनेक लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है।

# हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर

**350वें शहीदी शताब्दी दिवस पर विशेष**



-स. कमलजीत सिंह नूर
9758002867

विश्व के इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्श एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर जी का स्थान अद्वितीय है। गुरु तेग बहादुर जी को शहादत देने वाले एक क्रांतिकारी युग पुरुष के रूप में सदैव याद किया जाता रहेगा। आज उनकी शहादत के 350 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली लालकिले व आनंदपुर साहिब सहित दुनियाभर में भव्य आयोजन किये जा रहे हैं। त्याग, बलिदान और वैराग्य की प्रतिमूर्ति गुरु तेगबहादुर जी का जन्म 1 अप्रैल सन् 1621 को गुरु के महल अमृतसर में पिता गुरु हरगोबिंद जी तथा माता नानकी जी के घर हुआ था। सन् 1634 में करतारपुर के युद्ध में उन्होंने जब अपनी तेग (तलवार) के जौहर दिखाए तो पिता गुरु हरगोबिंद जी ने उनका नाम त्यागमल से तेग बहादुर रख दिया। जिस तरह चादर हमारी रक्षा करती है, हमें सर्दी-गर्मी से बचाती है, उसी तरह गुरु तेग बहादुर जी ने मुग़ल शासक औरंगजेब के जुल्म, अन्याय, कश्मीरी ब्राह्मणों के तिलक और जनेऊ की रक्षा करने के लिये सन् 1675 ई. को दिल्ली चांदनी चौक में अपना शीश बलिदान देकर एक अद्भुत शहीदी दी। इसीलिए इतिहास में गुरु तेग बहादुर जी को हिन्द की चादर कहा गया है। मुग़ल शासक औरंगजेब ने सन् 1658 से 1707 तक हिंदुस्तान पर राज किया। शासन पर कब्जा पाने के लिये उसने अपने पिता शाहजहां को गिरफ्तार करवाया। अपने भाइयों को मरवा डाला। वह पूरे हिंदुस्तान से हिन्दू धर्म को मिटाना चाहता था। उसके शासन में हर रोज सवा मन जनेऊ हिन्दुओं के गले से उतारे जाते थे। जिन्होंने इसका विरोध किया, उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। इस जुल्म से मुक्ति पाने के लिये पंडित किरपाराम ने गुरु जी के सामने फरियाद की। इस समय बालक गोबिंदराय (9 वर्ष) अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी के पास बैठे हुए थे। उन्होंने अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी से दोटूक पूछा कि इनके धर्म की रक्षा कैसे हो सकती है। गुरु जी ने उत्तर दिया कि यदि कोई महापुरुष अपना बलिदान दे तो हिन्दू धर्म बच सकता है। बालक गोबिंदराय ने सहजता से कहा कि पिता जी आपसे बड़ा महापुरुष और कौन हो सकता है। बालक के मुख से यह बात सुनकर गुरु तेग बहादुर जी ने कहा कि वह इस्लाम धर्म का सम्मान करते हैं, लेकिन जबरन धर्म परिवर्तन के लिये वे अपना शीश देने को तैयार हैं।

बादशाह के हुक्म पर गुरु जी को गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया। वहां इनके सामने इनके प्रिय शिष्य भाई मतिदास जी को लकड़ी के घेरे में बांधकर एक बड़े आरे से चिरवाया गया। भाई दयाला जी को उबलते हुए पानी के देग में डाला गया। भाई सतीदास जी के शरीर के चारों तरफ रुई लपेटकर आग लगा दी गई। गुरु जी ने अपने तीन प्रिय शिष्यों को अपनी आंखों के सामने शहीद होते देखा, पर शांति के पुंज गुरु जी बिल्कुल शांत रहे। सन् 1675 में आज का दिन था। गुरु तेग बहादुर जी ने प्रात:काल स्नान कर जपुजी साहिब का पाठ किया, फिर चांदनी चौक दिल्ली में एक वृक्ष के नीचे उन्हें बैठा दिया गया, जहां अंतिम बार धर्म परिवर्तन के लिये कई प्रलोभन दिये गये। न मानने पर जल्लाद ने उनका सिर धड़ से अलग कर दिया। गुरु जी के शहीद होते ही हाहाकार मच गया। श्रद्धालु भाई जैता फुर्ती से उनका शीश उठाकर पांच दिन की यात्रा के बाद किरतपुर (पंजाब) पहुंचा, जहां बालक गोबिंद राय (गुरु गोबिंद सिंह) ने संगत के साथ शीश का संस्कार किया। उन्होंने भाई जैता को गले लगाते हुए कहा रंगरेटा, गुरु का बेटा। लखिशाह बंजारा व उसका पुत्र नगाहिया गुरु जी का धड़ उठाकर उसको अपने घर ले गये तथा घर में आग लगाकर धड़ का संस्कार किया। इस स्थान पर दिल्ली में गुरुद्वारा रकाबगंज बना हुआ है। गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी ने बढ़ते हुए जुल्म और अन्याय को रोककर मानवता की रक्षा की। उनकी ऐतिहासिक शहीदी से हमें शिक्षा मिलती है कि जुल्म, अन्याय किसी के भी साथ हो उसके विरुद्ध आवाज़ उठानी चाहिए। दुनिया में सभी धर्म श्रेष्ठ हैं। किसी का जबरन धर्म परिवर्तन कराना धर्म विरुद्ध है। आपका संदेश है भै काहू कउ देत नहि, नहि भै मानत आन, कहु नानक सुन रे मना, गियानी ताहि बखान। 350 वें शहीदी शताब्दी दिवस पर श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मतिदास जी, भाई सतीदास जी, भाई दयाला जी की महान शहादत को नमन।



# जब भी कोई बड़ा काम करना हो तो छोटी-छोटी बातों में उलझना नहीं चाहिए

रामायण में हनुमान जी लंका की ओर उड़ रहे थे, उस समय देवताओं ने विचार किया कि हनुमान जी की परीक्षा लेनी चाहिए कि ये लंका जाकर सफल हो पाएंगे या नहीं। देवताओं सुरसा को इस काम के लिए भेजा। सुरसा मायावी राक्षसी थी। उसने हनुमान जी को देखा और अपना मुंह बड़ा कर लिया और बोली, तुम मेरा भोजन हो। हनुमान जी बड़ी विनम्रता से कहते हैं, मैं श्रीराम के काम के लिए निकला हूं। उनकी सूचना सीता जी को दे दूं और सीता जी की सूचना श्रीराम को दे दूं। इस काम के बाद मैं आपके पास आ जाऊंगा, आप मुझे खा लेना। सुरसा ने हनुमान जी की बात नहीं मानी और रास्ता रोक लिया। सुरसा ने अपना मुंह बहुत बड़ा कर लिया तो हनुमान जी उससे दोगुने बड़े हो गए। तब हनुमान जी ने विचार किया कि मैं बड़ा या ये बड़ी, इस झगड़े में कभी कोई बड़ा नहीं हो पाएगा। मेरा अभियान तो सीता जी की खोज में लंका जाने का है। अगर इस समय मैं इससे लड़ाई करूंगा तो मेरी ऊर्जा और मेरा समय बर्बाद होगा। ऐसा विचार करके हनुमान जी ने तुरंत अपना आकार बहुत छोटा कर लिया और सुरसा के मुंह में जाकर वापस निकल आए। जब सुरसा ने हनुमान जी को बाहर निकलते हुए देखा तो वह समझ गई और उसने कहा, मैं जान चुकी हूं कि तुम में बुद्धि भी है और बल भी है। तुम लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करोगे।

**सीख- ये घटना हमें सीख दे रही है कि जब कोई बड़ा लक्ष्य हो तो व्यर्थ की बातों में समय और ऊर्जा नष्ट नहीं करनी चाहिए। हमें छोटी-छोटी बाधाओं में नहीं उलझना चाहिए। हनुमान जी ने हमें बताया है कि जैसे सुरसा के सामने उन्हें अपना लक्ष्य याद था, उसी तरह हमें भी अपने लक्ष्य पर ध्यान लगाना चाहिए।**

# आने वाला समय उसी का होगा, जो शिक्षा, कौशल और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा : चंदन चौहान

## कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा

**बिजनौर ( चिंगारी )। एलआरडी इंटर कॉलेज मौहंडिया, मण्डावर, बिजनौर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास एवं शैक्षिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ।**

समारोह के मुख्य अतिथि चंदन चौहान सांसद बिजनौर तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल राठी ब्लॉक प्रमुख मोरना (मुजफ्फरनगर) रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप बालियान पूर्व विधायक बघरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज का यह आयोजन केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतीक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप भारत के भविष्य हैं, आज भारत दुनिया की बड़ी जनसंख्या वाला देश ही नहीं, बल्कि युवा शक्ति वाला देश है। आने वाला समय उसी का होगा जो शिक्षा, कौशल, नैतिकता और



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चंदन चौहान

आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। आप पढ़ाई जरूर करें, लेकिन किताबों के अंक से अपनी क्षमता मत नापिए। खुद पर विश्वास रखें, क्योंकि जो खुद पर विश्वास रखता है वही इतिहास बदलता है।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य शिक्षाविद इंजी. सुधांशु सिंह ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए शैक्षिक, सहशैक्षिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल राठी ने बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजन त्यागी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य मनवीर सिंह, हरेंद्र सिंह, प्रकाश वीर सिंह, लेखराम, महेंद्र सिंह, अनुज कुमार, अमित कुमार, मंजीत सिंह, देवेंद्र कुमार, संजीव शर्मा, कुलेश्वर सिंह, इन्दु राजपूत, सुगम राजपूत, अदिति शर्मा, दीपाली राजपूत, जूही रानी, निगम राजपूत, रश्मि राजपूत, प्रियांशी शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# हिमांशु ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक



**नूरपुर ( चिंगारी )।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की खेल प्रतियोगिता में 60 किलोग्राम कुश्ती में एलबीएसएस महाविद्यालय गौहावर के बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र हिमांशु गुर्जर पुत्र सतेन्द्र कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। हिमांशु के विद्यालय आगमन पर महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष कुंवर रवेन्द्र सिंह, एमडी इंजी. आलोक कुमार, प्राचार्य डॉ. महेश कुमार, निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने सम्मानित करते हुए कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है।

# एसआईआर के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में कई जगहों पर है, उसे या उसके परिवार के सदस्यों को सिर्फ एक गणना प्रपत्र पर भरना है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि एक से अधिक गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करके जमा करने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही व धारा-31 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1950 के तहत एक वर्ष तक की जेल हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके निर्देशों के अनुपालन में नायब तहसीलदार द्वारा रविवार को विशेष पुनरीक्षण दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय, ग्राम झक्काकी स्थित मतदेय स्थल 184 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त मतदेय स्थल पर 76 प्रतिशत से अधिक कार्य डिजिटाइज्ड हो चुका है तथा बूथ नंबर 183 का कार्य 35 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइज्ड किया जा चुका है। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि एसआईआर के कार्य में और ज्यादा तेजी लाए और निर्धारित समय में संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# शाहनवाज़ आलम आये बिजनौर संगठन की मजबूती पर दिया जोर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कांग्रेस जिला कार्यालय पर आयोजित शहर कमेटी बिजनौर की बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने एवं संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजाकत अल्वी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व बिहार के प्रभारी एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस शाहनवाज आलम रहे। दो दिन के दौरे पर बिजनौर आये मुख्य अतिथि शाहनवाज आलम का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। शाहनवाज आलम कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद ओमवती देवी, पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष वसीम अकरम, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सरफराज मलिक, कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के अध्यक्ष रिफाकत चौधरी, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिलावर सिंह, पूर्व प्रदेश सचिव नीरज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम एडवोकेट, वरिष्ठ नेता मोहम्मद अकबर, पूर्व जिला महासचिव हर्षवर्धन सिंह राणा, झालू नगर अध्यक्ष मुकीम अहमद, मुजफ्फरनगर जिला कोऑर्डिनेटर चितवन शर्मा, शहर सचिव कार्यालय प्रभारी युसूफ अंसारी, शहर महासचिव जफर हसनैन नकवी, शहर उपाध्यक्ष सैय्यद शारिक अली, जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता काज़ी आतिफ अली, जिला महासचिव कार्यालय प्रभारी अनिल त्यागी आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे। बैठक के बाद सभी कार्यकर्ता शाहनवाज आलम के नेतृत्व में जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव सांसद वायनाड प्रियंका गांधी के सांसद बनने के एक वर्ष पूरा होने पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किये।

# दुकान में निकला सांप मच गई भागम-भाग

**खासपुरा ( चिंगारी )।** खासपुरा में एक फ्रूट की दुकान में सांप निकलने से हड़कंप मच गया। लोग जुटे तो सांप दुकान के जाकर कोने में छिप गया। सांप को बाहर निकालने के लिए दुकान का सारा सामान बाहर निकाला गया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया। सांप की लंबाई भी करीब पांच फीट से अधिक थी। सांप पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# रैली में चांदपुर से जायेंगे 2 हजार लोग- ताहिर

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के जिला एवं विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मौ. ताहिर ने 26 नवम्बर को मुजफ्फरनगर में होने वाली संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। रैली में चांदपुर क्षेत्र से दो हजार से अधिक लोगों को ले जाने के लिए तैयारी की जा रही है। आसपा के जिला एवं विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मौ. ताहिर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम बास्टा, मूंदरा, बसंतपुर, हुसैनपुर खासा, जलीलपुर, पीपली जट के साथ-साथ नगर के एक दर्जन मुहल्लों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर उनसे 26 नवम्बर को मुजफ्फरनगर में होने वाली संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का



आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से दो हजार से अधिक लोग जाएंगे। क्षेत्र के भ्रमण में जिला प्रभारी मौ. ताहिर के साथ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, गोला भाई, राजवीर सिंह, विशेष गौतम, डिम्पल, राजकुमार, प्रेम सिंह, पप्पू, कृष्ण कुमार आदि भी थे।

# हर्षोल्लास के साथ निकाला गया नगर कीर्तन







**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर रविवार को 104 वां सालाना नगर कीर्तन निकाला गया।

अमृतसर से पहुंचे रागी जत्थेदार भाई साहिब भाई अमृतपाल सिंह, खन्ना से भाई साहिब तेजेंद्र सिंह, नगर की नानकी दल संतोष कौर, बब्बी कौर, बलजीत कौर, सतनाम कौर ने गुरबाणी सुनाकर सिख संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा हेड्ग्रंथी हरजीत सिंह ने गुरु नानक देव जी की महिमा और उनके बताए मार्ग पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया। इसके बाद अटूट लंगर बरताया गया। नगर कीर्तन में गुरु नानक देव, गुरु तेग बहादुर, पंच प्यारे आदि की झांकी आकर्षक का केंद्र रही। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। अखाड़े में कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। नगर कीर्तन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के सिख समाज के लोग भारी संख्या में पहुंचे।

## व्यापारियों ने हलवा वितरित किया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान (रजि.) द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाशोत्सव पर नगर में निकले नगर कीर्तन में शामिल सिख समाज के लोगों को धूलिया महादेव मंदिर पर हलवा वितरण किया गया, जिसमें संस्थान के नगर अध्यक्ष योगेंद्र कुमार अग्रवाल, पंडित अवधेश कुमार शर्मा, संयोग, विक्रांत सैनी, रविंद्र रस्तौगी, महिपाल सिंह, गगन मारवाड़ी, शगुन चौहान, सतेन्द्र मारवाड़ी, सतीश रस्तौगी, वीरेश चौहान, पंडित दिनेश शर्मा, मनोज चौहान, विशाल मारवाड़ी, शिवम चौधरी आदि का सहयोग रहा।

## इनको सम्मानित किया गया

नगर कीर्तन के पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की राहत सामग्री पहुंचाकर मदद करने पर शहर इमाम मुफ्ती अब्दुल्लाह जामिई सहित नगर के कई मुस्लिम समाज के लोगों हाजी अहसान सिद्दीकी, हाफिज शहजाद अहमद, शेरु सिद्दीकी, मौहम्मद शारिक उर्फ सोनू, जहीर आलम उर्फ मोंटी व गोलू सिद्दीकी को सिख समाज द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## कैंसरः समय पर पहचान से बचाई जा सकती है जान

कैंसर आज भारत में तेजी से बढ़ता स्वास्थ्य संकट है, लेकिन अच्छी बात यह है कि कैंसर का शुरुआती चरण में पता लगने पर इलाज सफल और प्रभावी होता है। जागरूकता, सही जानकारी और समय पर जांच इस बीमारी पर नियंत्रण के सबसे बड़े हथियार हैं। चिंगारी से बात करते हुए डॉ. आस्था अरोड़ा ने बताया कि कैंसर क्या है- कैंसर शरीर की कोशिकाओं का असामान्य और अनियंत्रित रूप से बढ़ना है, जो आसपास के अंगों और ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकता है। यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है- स्तन, सर्विक्स, फेफड़े, मुख, लीवर, प्रोस्टेट और कोलन इनके प्रमुख उदाहरण हैं।

### कैंसर के मुख्य कारण

**भारत में कई कारणों से कैंसर तेजी से बढ़ रहा है, जैसे-**

तंबाकू, सिगरेट, गुटका, बीड़ी। भारत में 40 प्रतिशत से अधिक कैंसर का कारण, शराब का अत्यधिक सेवन, मोटापा व बैठे-बैठे रहने की जीवनशैली, पोषण की कमी, जंक फूड, कम फाइबर वाला भोजन, वायरस (जैसे HPV – सर्वाइकल कैंसर), विरासत (फैमिली हिस्ट्री), प्रदूषण और लंबे समय तक रसायनों के संपर्क में रहना, कैंसर के लक्षण जिन्हें नज़रअंदाज़ न करें, कैंसर हमेशा दर्द से शुरू नहीं होता। कई बार यह शरीर में चुपचाप बढ़ता रहता है। इन संकेतों पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें- किसी भी गांठ का बढ़ना, खासकर स्तन, गर्दन, बगल, स्तनों में बदलाव या निप्पल से स्राव, आवाज बैठना या लगातार खांसी, अचानक वजन घटना या भूख न लगना, मल-मूत्र की आदतों में बदलाव, मुंह के अंदर सफेद या लाल दाग, लंबे समय तक घाव जो लंबे समय तक न भरे, खून आना (खांसने, मल, पेशाब या महिला जननांग से), याद रखें- जितनी जल्दी पहचान, उतनी जल्दी राहत।

### कैंसर से बचाव कैसे संभव है।

कैंसर का एक बड़ा हिस्सा रोकथाम योग्य है- तंबाकू से पूरी तरह दूर रहें

सिगरेट, बीड़ी, गुटका, खैनी- सबसे बड़ा खतरा, संतुलित भोजन लें। हरी सब्जियां, फल, दाल-फाइबर, कम तेल-नमक-चीनी, रोज़ 30 मिनट व्यायाम करें। तेज़ चलना, योग, साइक्लिंग—कोई भी गतिविधि। नियमित स्वास्थ्य जांच, खासकर 40 वर्ष से ऊपर के लोगों को।

### महिलाओं के लिए विशेष कदम--

मासिक स्तन स्व-परीक्षण (BSE), 30–65 वर्ष की महिलाओं में पैप स्मीयर/HPV टेस्ट , HPV वैक्सीन—सर्वाइकल कैंसर से बेहतर सुरक्षा।

शराब का सीमित सेवन या पूर्ण त्याग। कैंसर की जांच और निदान कैसे होता है श्री महन्त इन्द्रेश अस्पताल में कैंसर की पहचान के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं । क्लिनिकल परीक्षा (Clinical E&amination), मेमोग्राफी- स्तन कैंसर जांच, अल्ट्रासाउंड / CT Scan / MRI, BIOPSY – कंफर्म डायग्नोसिस HPV टेस्ट U / Pap Smear - सर्वाइकल कैंसर , PET Scan – कैंसर के फैलाव का पत रक्त जांच और ट्यूमर मार्कर्स, बायोप्सी ही कैंसर की अंतिम पुष्टि करती है।

### कैंसर कभी फैलता नहीं है।

समाज में कई गलत धारणाएं हैं। कैंसर छूने, साथ बैठने, खाना खाने या देखभाल करने से नहीं फैलता। मरीज को प्यार और सहयोग की जरूरत होती है, दूरी की नहीं

–श्री महन्त इन्द्रेश अस्पताल का संदेश



**-डॉ. आस्था अरोड़ा**
कैंसर सर्जरी स्पेशलिस्ट
श्री महन्त इन्द्रेश अस्पताल, देहरादून

## क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान, ताबिश मिर्जा का किया सम्मान



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद में चल रहे ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन रुड़की टीम ने मेरठ टीम को नौ रनों से पराजित कर मुकाबला जीता। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि समाजसेवी व सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जमील अंसारी ने एनसीपी क्लब के अध्यक्ष ताबिश मिर्जा को शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। नजीबाबाद के स्टैब्स ग्राउंड पर एनसीसी क्लब की ओर से 15 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन रुड़की व मेरठ के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिला मैच में मेरठ ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी की। जबकि बल्लेबाजी में रुड़की की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 227 रन का टारगेट रखा, जिसमें हिमांशु ने 128 रन व राणा ने 67 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मेरठ की टीम 20 ओवर में 210 रन ही बना सकी तथा रुड़की की टीम ने मैच को अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट में पहुंचे मुख्य अतिथि पब्लिक वेलफेयर समिति के अध्यक्ष जमील अंसारी ने रुड़की की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करने वाले हिमांशु सोनी को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। एनसीसी क्लब के अध्यक्ष ताबिश मिर्जा, तनवीर पहलवान, राजीव ग्रोवर, मौ. फैसल तैयब, मौ. इमरान, मौ. नाजिम, आदिल कुरैशी, अंकित वर्मा, नवाब अंसारी आदि का विशेष सहयोग रहा। मैच अंपायर निश्चल कुमार व संजीव राजपूत रहे। जबकि कमेंट्री मौ. अहसान व इमरान सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से की।



# जिसे ए के 47 बताया, वो निकला प्लास्टिक का खिलौना

## हेंड ग्रेनेड निकला परफ्यूम की शीशी, मुक़दमा एक्सपंज

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पुलिस द्वारा की गई जांच में कथित एके-47, प्लास्टिक का खिलौना निकला और कथित हैंड ग्रेनेड, परफ्यूम की शीशी निकली। पुलिस की जांच में किसी अपराध का होना नहीं पाया गया, इसलिये गत रात्रि दर्ज मुकदमे को एक्सपंज कर दिया गया है।

ज्ञातव्य है कि समीपवर्ती ग्राम सौफतपुर का निवासी मैजुल विगत तीन वर्षों से साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रहकर एक सैलून पर काम करता है। एडवोकेट कार्तिक बालियान नाम के व्यक्ति ने एक्स पर यूपी पुलिस, बिजनौर पुलिस, डीआईजी मुरादाबाद और यूपी एसटीएफ से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि मैजुल एके - 47 और हैंड ग्रेनेड के साथ ईस्टाग्राम पर लाइव वीडियो बनाता है। नांगल थाना प्रभारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। मैजुल जहां दक्षिण अफ्रीका में रहकर काम करता है, वहीं उसका पिता शौकीन मंसूरी दुबई में रह रहा है।



पुलिस द्वारा अपलोड किये गये वीडियो में प्लास्टिक की एके- 47 और हैंड ग्रेनेड के आकार की परफ्यूम की शीशी दिखाता मेरठ का आकिब

थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच में तथ्य निकलकर सामने आये हैं कि वीडियो में कथित खतरनाक हथियारों का प्रदर्शन करने वाला युवक मैजुल नहीं है, वह आकिब पुत्र नासिर निवासी ग्राम साथला, थाना मवाना, जिला मेरठ है। आकिब इंस्टाग्राम आईडी पर लाइव वीडियो बना रहा था, जबकि मैजुल तथा बिजनौर के चांदपुर और टांडा के निवासी दो अन्य युवक उस समय उसके साथ लाइव जुड़े हुए थे। आकिब वर्तमान में सऊदी अरब में ड्राइवर का कार्य कर रहा है। थानाध्यक्ष के अनुसार पूछताछ में आकिब ने बताया कि जो हथियार वीडियो में देखा जा रहा है, वह प्लास्टिक का खिलौना है तथा कथित हैंड ग्रेनेड एक परफ्यूम की शीशी है। पुलिस ने इसकी पुष्टि में सोशल मीडिया सेल पर आकिब का एक वीडियो भी अपलोड किया है। पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में किसी अपराध का होना नहीं पाया गया है।

# राज नारायण की जयंती मनाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को लोकबंधु राज नारायण की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की, जबकि संचालन जिला कार्यालय प्रभारी अहमद खिज़र खान ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि राज नारायण जी भारतीय राजनीति के वह व्यक्तित्व थे, जिन्होंने सत्य, संघर्ष और सिद्धांतों के बल पर राजनीति को नई दिशा दी। उनका जीवन लोकतंत्र की रक्षा, सामाजिक न्याय और जनअधिकारों के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्शों पर चलकर जनता की समस्याओं का समाधान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में डॉ. रमेश तोमर, गजेंद्र सिंह देवल, मदनलाल सैनी, प्रभा चौधरी, अखलाक पप्पू, काशिफ खान, कासिम कुरेशी, डॉ. इरफान मलिक, संजय पाल, नासिर हुसैन, शमीम ठेकेदार, शरीफ अहमद, जीशान अहमद, बबलू, अफजाल उल हक सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंगलमय हो मिलन तुम्हारा

### हरिकृष्ण संग नीतू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला खत्रियान निवासी स्व. भारत सिंह के सुपुत्र चि. हरिकृष्ण पाल का शुभ विवाह आयु. नीतू सुपुत्री जयप्रकाश पाल के संग नगर के एक बैंकेट हॉल में परम्परागत हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर नवयुगल के सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। चिंगारी परिवार नव-युगल के दीर्घ एवं सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करता है।

# व्यापारी एकता परिषद में पदाधिकारी मनोनीत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी एकता परिषद की बैठक रामवीर सिंह के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई, जिसका संचालन जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी ने किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता चरण सिंह ने की।

संगठन के द्वारा बरूकी क्षेत्र इकाई का गठन किया गया, जिसमें संगठन के द्वारा पुष्पेंद्र सिंह को नगर अध्यक्ष एवं अमित कुमार को नगर महामंत्री, जय सिंह को नगर कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक के मुख्य वक्ताओं में संगठन के प्रदेश के उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी एवं प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा उपस्थित रहे। राहुल वर्मा ने बताया कि संगठन पूर्णतया अराजनैतिक है, किसी जाति, धर्म या पार्टी को समर्थन संगठन नहीं करता न ही जाति धर्म की राजनीति व्यापार मंडल में होने देता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से व्यापारी सुरक्षा आयोग गठन करने की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने कहा कि संगठन किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देगा। संचालन करते हुए जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार से शिक्षा स्नातक चुनाव करके शिक्षकों को एमएलसी बनाकर विधानसभा भेजा जाता है, उसी प्रकार से व्यापारी वर्ग से भी एमएलसी चुनकर विधानसभा भेजा जाए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद अंसारी, नगर मीडिया प्रभारी शिवम शर्मा, जिला प्रभारी मुकेश कुमार दहिया उर्फ बंटी भैया, अनवर अहमद दयानंद, जीशान, लोकेश कुमार, विष्णु कुमार, विजय कुमार, पप्पू मिस्त्री, अनिल मिस्त्री, राम सिंह आदि उपस्थित रहे।




ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# गोल्डेन लायनेस मेन क्लब ने गर्ल्स क्रिकेटर्स को सम्मानित किया

## तुलसी श्रृंगार प्रतियोगिता भी करायी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डेन लायनेस क्लब मेन बिजनौर ने अपनी जनरल मीटिंग में महिला क्रिकेट में भारत को विश्वकप का ताज मिलने की खुशी में और लड़कियों को स्पोर्ट्स में आगे आने के लिए प्रेरित करने के लिए शहर की 4 युवा खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इसमें मुख्य रूप से डेलिशा, सौम्या विश्नोई, मानवी ठाकुर एवं तनु का सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। डेलिशा राइट हैंडेड बैटसमैन है और वे प्रेक्टिस के लिए रोज मेरठ के लिए अपडाउन करती हैं। मानवी ठाकुर 6 साल से क्रिकेट खेल रही हैं, स्टेट को रिप्रिजेन्ट करती है और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेल चुकी है। मानवी ऑल राउंडर हैं। सौम्या एक बॉलर के रूप




में रोज स्टेडियम में प्रैक्टिस के लिए जा रही है। तनु एक स्टेट प्लेयर है। इसके अलावा जिन सदस्यों ने तुलसी श्रृंगार प्रोजेक्ट में भाग लिया, उसमें प्रथम रमा मेहरोत्रा, द्वितीय मंजू सिंह एवं तृतीय अंशुल खेड़ा आयी। सभी प्रतिभागियों को पीडीसीपी अरूणा मित्तल, वरिष्ठ सदस्य नीता सिंह, सेकेट्री मनुश्री एवं जोन चेयरमैन विनीता राजपूत तथा कमेटी चेयरपर्सन अर्चना राजपूत द्वारा पुरस्कार दिया गया। इस मीटिंग में सुचित्रा चौहान, कमलेश चौहान, भूमिका राजपूत, कल्पना त्यागी, पूनम अवस्थी, रेखा अग्रवाल, डा. संतोष गुप्ता, लता शर्मा इत्यादि भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी ने उपस्थित क्रिकेटर्स एवं उनके पैरेन्टस को सदस्यों एवं फर्स्ट होल्डर्स का आभार व्यक्त किया तथा मुख्य रूप से रेखा अग्रवाल को धन्यवाद एवं गिफ्ट दिया। जिन्होंने अपने घर पर इस मीटिंग का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

# रामपुर ने जीती हॉकी टूर्नामेंट की ट्राफी

## फाइनल में मिलक को 4-1 से हराया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** अजान ग्रुप, बीकेजी व आधारशिला स्कूल की ओर तथा चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी के तत्वावधान में 5 दिवसीय द्वितीय बाबू कैलाशचन्द्र मित्तल एवं इकबाल सिंह लोहिया मेमोरियल नार्थ जोन विवेक हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच रामपुर व मिलक की टीम के बीच खेला गया। रामपुर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए मिलक को 4-1 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यहां हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में रविवार को पहले चांदपुर व चंदौसी के सीनियर खिलाड़ियों के बीच मैच खेला गया, जिसमें चांदपुर की टीम ने चंदौसी को 4-3 से पराजित किया। दोपहर को रामपुर व मिलक के बीच टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। रामपुर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए मिलक की टीम को 4-1 से पराजित किया। इस अवसर पर विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी दी गई। इस अवसर पर गोविन्द मित्तल, अमित गोयल, आधारशिला स्कूल के प्रबंधक विवेक कर्णवाल, मित्रविंदा कर्णवाल, कमलेश यादव गुरूजी,अफजल फारूकी, हनी तोमर, सोसायटी के अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार शर्मा, नफीस अहमद, इरफान मिर्जा, नदीम जकी, रऊफ अहमद, मेहर आलम, रफीउल जमाअर्शी, सोभित शर्मा, निर्मल चौहान, राहुल बंसल, विकास गोयल, इमरान अहमद, राजेन्द्र सिंह लोहिया, कौशिक चन्द्रा, सन्नी लोहिया, राहुल खन्ना आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शेख इजमाल व बहार आलम ने किया।

# आभा फाउंडेशन ने 30 आप्रेशन कराये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन की ओर से 30 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराये गये। आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने अपने खर्च से 30 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया तथा उनके रहने-खाने का खर्च भी उठाया। आभा फाउंडेशन के इस नेक कार्य की सभी ने सराहना की है। आभा फाउंडेशन की ओर से 10 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में 250 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया जायेगा।

# दिशा इंस्टीट्यूट में नेशनल फार्मेसी वीक मनाया

## फार्मा में प्रयुक्त होने वाली दवाइयों के बारे में बताया

**धामपुर ( चिंगारी )।** दिशा इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी धामपुर में 64 वें नेशनल फार्मेसी वीक बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंच का संचालन संस्था की शिक्षिका संजना राजपूत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं आसिफ, लायबा, निकिता ने पोस्टर एवं समाना, नोरिन, सुहाना, मनतशा, सानिया, याहया, आंचल, एवं दीपांशु मीना ने रंगोली के माध्यम से फार्मा में प्रयुक्त होने वाली दवाइयों ओर अनेक प्रकार के प्रोडक्टस के बारे में समझाया। संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि नेशनल फार्मेसी सप्ताह की उत्पत्ति 1924 में हुई, जब फार्मासिस्ट जे. रूथ ने इसका प्रस्ताव रखा ओर इसे पहली बार 1925 में मनाया गया। प्रारम्भ में इसे औषधि सप्ताह के रूप में मनाया जाता था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें फार्मासिस्ट द्वारा प्रदान की जाने वाली आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल किया गया है, जिससे फार्मासिस्ट हर एक व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचती रहे। उधर प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस वर्ष की थीम टीकाकरण के समर्थक के रूप में फार्मासिस्ट की भूमिका के बारे में समझाया। संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई ने कहा कि यह वार्षिक उत्सव हमारी स्वास्थ्य देखरेख प्रणाली में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को याद दिलाता है एवं फार्मेसी पेशेवरों के प्रति जागरूकता ओर प्रशंसा को बढ़ावा देता है, जो दवाओं के उपयोग को अनुकूलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं मोनू कुमार, जसवंत सिंह, शिवम कुमार, ललित कुमार, प्राकुल कुमार, रजत कुमार, अंजलि गौतम, सूर्य प्रताप सिसौदिया, वैभव कटारिया, अवनीश कुमार, रजनीश कुमार आदि का सहयोग रहा।

# दर्शन सिंह रावत बने ब्लॉक उपाध्यक्ष



दर्शन सिंह रावत को मनोनयन पत्र सौंपते किसान नेता।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** भाकियू (टिकैत) की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए दर्शन सिंह रावत को ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। बादीगढ़ चौराहा स्थित ब्लॉक मुख्य महासचिव रमेशचंद्र शेखावत के आवास पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान की अध्यक्षता में भाकियू (टिकैत) की अफजलगढ़ ब्लॉक इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय किसानों से 25 नवंबर तक अपनी-अपनी समस्याएं लिखित रूप में दिए जाने का आह्वान करते हुए 26 नवंबर को बिजनौर में होने वाली संगठन की पंचायत में पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कादराबाद निवासी पूर्व ग्राम प्रधानपति दर्शन सिंह रावत को संगठन का ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में देवेंद्र कौशिक, मुख्तियार सिंह, कुलदीप सिंह, जसवीर सिंह फौजी, बाबू सिंह, संजय शर्मा, यूसुफ कुरैशी, शकील कुरेशी, डॉ. राजपाल सिंह, जसपाल सिंह व चरणजीत सिंह आदि किसान नेताओं की उपस्थिति रही।

# जनरल नॉलेज में सादिया को फर्स्ट प्राइज मिला



**चांदपुर ( चिंगारी )।** मदरसा दारुतोहीद शाहचंदन चांदपुर में जनरल नॉलेज कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें हाशमी एजुकेशनल एकेडमी की सादिया आफ्ताब का फर्स्ट प्राइज और रखशनदा इमरान को सेकंड प्राइज और जन्नत निशा से अमतुल शीमा को थर्ड प्राइज मिला। यह कार्यक्रम डॉ. सुहैल तनवीर (नेशनल हॉस्पिटल), डॉ. मुबीन, डॉ. अनवर, असलम साहब (प्रिंसिपल हाशमी एजुकेशनल अकेडमी), मोहम्मद शारिक, खुर्शीद हमीदी, शाहबाज और मोहम्मद सुहैल की बेहतरीन कोशिशों से प्रोग्राम ऑर्गेनाइज किया गया। ब्राइट फ्यूचर, जन्नत निशा, मदरसा दारुतोहीद व हाशमी एजुकेशनल एकेडमी के सभी सदस्यों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अयाज एवं ने किया।

# जागरूक लोग, एसआईआर फार्म भरने में कर रहे सहयोग



लोगों के एसआईआर फ़ार्म भरवाते डॉ. शाहिद व नेता इस्लामुद्दीन आदि।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** एसआईआर फॉर्म भरने को लेकर अभी भी बहुत से लोग काफी परेशान नज़र आ रहे हैं। ऐसे परेशान हाल लोगों की मदद के लिए अब युवा जनप्रतिनिधि, भावी प्रत्याशी व उलेमा-ए-किराम आगे आ रहे हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह कैंप लगाकर लोगों के फार्म भरवाने में मदद करने की जा रही है। नगर में मसूद एडवोकेट के आवास पर, नगर स्थित एक बैंकट हॉल में, सब्जी मंडी मैदान में व हकीम इस्माईल के मतब पर कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। सब्जी मंडी मैदान में वरिष्ठ सपा नेता शेख इस्लामुद्दीन, मौ. अकरम गद्दू, मौ. शहजाद, हाजी अजीम, मास्टर नाहिद, अजहर अमानी, दिलशाद मंसूरी आदि ने फॉर्म भरने में लोगों की मदद की। जामा मस्जिद के निकट स्थित मौलाना हकीम मौलवी मौ. इस्माईल कासमी के यहां बीएलओ उदयराज सिंह के साथ बैठकर नगर के वार्ड नं. 12 के सभासद डॉ. मौ. शाहिद, हकीम मौलवी मौ. इस्माईल कासमी, हकीम अल्ताफ, मास्टर अनीस अहमद आदि ने नगर के बहुत से लोगों के एसआईआर के फॉर्म भरने में मदद की। डॉ. शाहिद ने बताया कि इस अभियान के अंतिम दिन तक नगरवासियों की इन समस्याओं के समाधान के लिए पूरी टीम के साथ हमारा यह सहयोग लगातार जारी रहेगा। उधर कासमपुर गढ़ी में ग्राम प्रधान श्रीमती गुलशन रजी व उनके पति हाजी मौ. रजी की ओर से पंचायतघर पर शिक्षित युवकों की टीम बैठाकर लोगों की मदद जा रही है, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता कामिल खान द्वारा लोगों के फार्म भरवाने में भरपूर सहयोग दिए जाने से लोगों को काफी राहत मिल रही है।

# धूमधाम से मनाया गुरु नानक जी का प्रकाशोत्सव



नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारे।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार साहिब हरचंदपुर में सिखों के प्रथम गुरु श्री नानक देव जी का प्रकाशोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। अपराह्न चार बजे से पंज प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें गतका पार्टियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। रविवार को मनाये गये प्रकाशोत्सव में रागी जत्थे के सतवेन्द्र सिंह एवं कथावाचक परवाना सिंह ने श्री नानक देव जी के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने की अपील की। बबनीत कौर, कमलप्रीत कौर, प्रभजोत सिंह ने शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी कीर्तन करके समूह संगत को निहाल किया। गंगोड़ा, कनकपुर, तिसोतरा, गौसपुर, मोहनपुर, मिर्जा नेकपुर, भटौली, श्यामपुर, आल्हाहेड़ी, गजरौले की समूह संगत कार्यक्रम में भाग लेने के लिये पहुंचीं। इससे पूर्व शुक्रवार से चल रहे अखंड पाठ के

## गतका पार्टियों ने दिखाये हैरज अंगेज करतब

समापन पर लंगर छकाया गया। अपराहन चार बजे से पंज प्यारों की अगुवाई में गांव के मुख्य मार्गों, मेन रोड से होते हुए भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में शामिल गतका पार्टियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को दांतों तले अंगुली दबाने पर विवश कर दिया। नगर कीर्तन का समापन देर शाम को हुआ। संजय, विनीत, कुलदीप, रविन्द्र, लेखराज सिंह, रामकुमार, दिनेश, मोनू सहित तमाम ग्रामवासी व क्षेत्रवासी शामिल रहे।

# कमरूल इस्लाम ने कैम्प लगाया सैकड़ों लोगों का फार्म भरवाया



**शेरकोट ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम द्वारा कैम्प का आयोजन कर सैकड़ों लोगों के एसआईआर फार्म भरवाये गए, वहीं सपा कार्यकर्ताओं ने मौहल्लों में जाकर लोगों को फार्म भरने के लिए प्रेरित किया गया। रविवार को शेख कमरुल इस्लाम ने लोगों को हो रही दिक्कत को देखकर अपने आवास पर एसआईआर फार्म भरवाने के लिए कैम्प का आयोजन किया, जिसमें सपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मौहल्लों में घूमकर लोगों को जागरूक किया। कैम्प में लोगों को फार्म भरने में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में सही जानकारी देकर समस्याओं को दूर कराया गया और पुरानी लिस्ट उपलब्ध कराकर फार्म भरने में मदद की गई। शेख कमरूल इस्लाम ने बताया कि कैम्प में लगभग चार सौ लोगों के फार्म भरवाए गए हैं। इस अवसर पर शेख कमरुल इस्लाम, अदनान राईन, शेख नजरुल इस्लाम, मुकीम मंसूरी,बरकत अब्बासी, शेख नईम, जिया अहमद उर्फ सेट्ठू, शेख इस्मईल,शमीम अहमद,गुफरान राजा,शेख शुऐब, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ध्वज की गरिमा रखने का आह्वान



**नहटौर ( चिंगारी )।** झंडा दिवस पर नहटौर थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने झंडा फहराकर पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। उन्होंने पुलिसकर्मियों से निष्ठापूर्वक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने का आहवान किया। रविवार को कोतवाली परिसर में थानाध्यक्ष धीरज नगर ने झंडा दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के शौर्य, कर्तव्य परायणता और उत्कृष्ट सेवा पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 19 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश पुलिस को सर्वप्रथम पुलिस कलर, ध्वज प्रदान किया था। ध्वज फहराने के दौरान एसएसआई कुलजीत सिंह, उपनिरीक्षक अशोक मलिक, भारत सिंह, सोनू निगम, हरि प्रकाश, कांस्टेबल नवीन चौधरी, राजदीप सिंह, मोनू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गुरु प्राप्ति के बाद ही जीवन में मिलती है रोशनी : बाबा फुलसंदे वाले



**नहटौर ( चिंगारी )।** सतपुरुष बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि गुरु की प्राप्ति होने के बाद ही परमेश्वर मिलते हैं। परमेश्वर का उजाला मिलते ही जीवन प्रकाशमय हो जाता है। रविवार को सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वालों ने आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में ध्यान की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ध्यान मुद्रा के अंतर्गत हमें परमेश्वर की ज्योति का ध्यान करना चाहिए, जिससे हमारा जीवन ज्योति के प्रकाश में होने से प्रकाशित हो जाए। परमेश्वर हमारे तन के महल में विराजो अलख पूरख अविनाशी। इस अवसर पर 'एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा' मंत्र के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर घबरायें नहीं- हैनरीता



**नहटौर ( चिंगारी )।** रविवार को कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष हेनरीता सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर फॉर्म प्रक्रिया में कोई भी नागरिक घबराए नहीं। यदि कोई भी दिक्कत आती है तो तत्काल अवगत करायें, जिससे समय से समस्या का समाधान कराया जा सके। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का भी आवाहन किया। ग्राम कश्मीरी में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष हेनरीता ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा निदान करने का आश्वासन दिया। कांग्रेस पार्टी की जनसेवा जनकल्याण प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर सुकेश कुमार, रतीराम, जसराम कुमरपाल, पुखराज गोलू आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्रश मैटीरियल शॉप का उद्घाटन



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मेन मार्केट में मौहल्ला वीरथला निवासी प्रदीप रस्तोगी द्वारा खोले गए ब्रश मैटीरियल व जनरल मार्ट का उद्घाटन समाजसेवी संजय गहलौत, हाजी अहसान और काजी शमीम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर ठाकुर संजय गहलौत ने कहा कि इस ऐसे प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय नागरिकों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं आसानी से मिलेंगी। उन्होंने दुकान संचालक प्रदीप रस्तोगी से नागरिकों को मुनासिब और अच्छा सामान उपलब्ध कराने की आशा जताई। उद्घाटन के मौके पर शेख वली उल्लाह, हाफिज शद्दन, विकास दत, विजय रस्तौगी, डॉ. इकबाल, अतीक ठेकेदार, शमीम अहमद आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# मेरा प्रयास है कि हर पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : रविता राठी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। 'मेरा हमेशा यही प्रयास रहता है कि हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।'** अफजलगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने आई महिला कल्याण विभाग बिजनौर की डीएमसी रविता राठी ने चिंगारी प्रतिनिधि एस.एम.असलम के साथ इंटरव्यू के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि अगर हमारे एक प्रयास से किसी का भला हो जाए, तो इसमें हमारा कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी के साथ-साथ पुण्य का कार्य है, ईश्वर से जिसका कभी न कभी सुपरिणाम अवश्य मिलता है। उन्होंने कहा कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है, इसलिए हम सबको चाहिए कि हम जाति-धर्म से ऊपर उठकर अपने समाज व देश की तरक्की और खुशहाली के लिए काम करें एवं पीड़ितों व जरूरतमंदों की अपने स्तर की हर संभव मदद करें। उन्होंने आगे कहा कि किसी की रुपए-पैसे से मदद करना ही पुण्य कार्य नहीं होता, बल्कि किसी राह भटके इंसान को उसकी मंजिल का रास्ता बता देना भी महान पुण्य का कार्य है। उन्होंने जनपदवासियों विशेष कर महिलाओं से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने और किसी भी समस्या के समाधान संबंधी जानकारी के लिए उनसे (रविता राठी से) संपर्क करने अथवा सोशल मीडिया पर अपलोड



रविता राठी से वार्ता करते चिंगारी प्रतिनिधि एस.एम. असलम।

उनकी (रविता राठी की) वीडियोज से सहायता प्राप्त करने का आह्वान किया। विदित हो कि रविता राठी द्वारा बिजनौर में स्थित अपने विभागीय कार्यालय में बैठकर अथवा वीडियोज उसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भरपूर सहयोग किया जा रहा है जिससे तमाम लोग लाभ उठा चुके हैं और उठा रहे हैं। योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना उनकी आदत में शुमार है जिसकी लोग मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हैं।

# 9 लाख की लागत से बन रहा नाला ठेकेदार उसमें कर रहा घोटाला

## ग्रामीणों ने किया हंगामा

**पैजनिया ( चिंगारी )।** हल्दौर ब्लॉक प्रमुख निधि से केंद्रीय वित्त आयोग टाइड योजना अंतर्गत क्षेत्र के गांव पावटी में तकरीबन 9 लाख की लागत से करीब 165 मीटर लंबे नाले के हो रहे निर्माण में ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने का ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माणाधीन नाले में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। हल्दौर ब्लॉक के गांव पावटी स्थित बैंक के सामने से बाजार परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक करीब 165 मीटर नाले का ब्लॉक प्रमुख निधि की तकरीबन 9 लाख की धनराशि से ठेकेदार द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार नाले में घटिया सामग्री का प्रयोग कर रहा है, जिससे निर्माणाधीन नाले में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। इस संबंध में ठेकेदार गिरवर सिंह ने बताया कि मौके पर जाकर नाला निर्माण को दुरुस्त किया जाएगा, जबकि हल्दौर ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह ने बताया कि तत्काल संबंधित जेई को भेजकर नाला निर्माण की जांच कराई जा रही है। उधर हल्दौर के खंड विकास अधिकारी कुणाल रस्तोगी ने बताया कि नाला निर्माण की जांच कर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 5000 पोस्टकार्ड खरीदे



**किरतपुर ( चिंगारी )।** जनपद से गंगा एक्सप्रेस-वे निकलवाने के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा पोस्टकार्ड अभियान के तहत आज भाकियू ( अराजनैतिक ) अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने स्थानीय डाकघर जाकर 5000 पोस्टकार्ड खरीदे। इस अवसर पर अरविंद राजपूत ने बताया कि ब्लॉक किरतपुर की ओर से इन पांच हजार को मिलाकर 21 हजार पोस्टकार्ड खरीदे गए हैं और जनता में बंटवाए गए हैं और सभी नगर व क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया है कि ज्यादा संख्या में पोस्टकार्ड लिखकर प्रदेश सरकार को भेजें, जिससे गंगा एक्सप्रेस-वे बिजनौर जनपद से होकर निकले।

# चेयरपर्सन के निजी कार्यालय पर शुरू हुई एसआईआर हेल्प डेस्क



**नगीना ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला शाहजहीर स्थित नगर पालिका चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के निजी कार्यालय पर उनके द्वारा एक एसआईआर हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को एसआईआर फॉर्म भरने में सहायता प्रदान करना और आवश्यक जानकारी देना है। प्रारंभ हुई इस हेल्प डेस्क का नेतृत्व नगर पालिका की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने किया। इस कैंप में चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, शहराज खलील, शेख जमशेद सहित बड़ी संख्या में महिला व वालंटियर्स द्वारा स्थानीय नागरिकों की एसआईआर फॉर्म भरने में सहायता की जा रही है। हेल्प डेस्क पर नागरिकों को एसआईआर (संभवत: मतदाता सूची से संबंधित) के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ-साथ फॉर्म भरने में उनकी मदद की जा रही है। चेयरपर्सन ने नागरिकों से अपील की है कि फॉर्म भरते समय बीएलओ द्वारा मांगी गई सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके।

# महिला आयोग की सदस्य को देखकर बाथरूम में घुसे सीएमओ साहब

## मुजफ्फरनगर में नियुक्ति, चांदपुर में करते हैं प्रेक्टिस

## सीएमओ डा. सुनील तेवतिया ने आरोपों को बताया निराधार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर के सीएमओ डा. सुनील चेवतिया को चांदपुर में निजी प्रेक्टिस करते हुये पकड़ा। इसे लेकर आयोग की सदस्य तथा डा. तेवतिया और उनकी चिकित्सक पत्नी के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। टीम को देखकर डा. तेवतिया ने बाथरूम में घुसकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने पर डा. साहब रूमाल से मुंह व हाथ पोंछते हुए बाहर निकले।

राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल ने बताया कि उन्हें काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि मुजफ्फरनगर सीएमओ डा. तेवतिया चांदपुर स्थित नवजीवन नर्सिंग होम में निजी प्रेक्टिस करते हैं और प्रति मरीज 300 रूपये लेते हैं। दो महीने पहले उन्होंने डा. तेवतिया को चेतावनी दी थी। कल रविवार को संगीता जैन अग्रवाल अपनी टीम के साथ चांदपुर पहुंचीं और नवजीवन नर्सिंग होम पर छापा मारा। उन्हें देखकर डा. तेवतिया बाथरूम में घुस गये। बाद में जब वे बाहर निकले तो संगीता जैन अग्रवाल ने उन्हें जमकर हड़काया। कहा कि अगर जनसेवा करनी है तो 300 रूपये फीस क्यों लेते हैं। उधर, डा. सुनील तेवतिया ने आरोपों को निराधार बताते हुये कहा कि नर्सिंग होम का संचालन उनकी पत्नी करती हैं। वह छुट्टी के दिन घर आते हैं। यहां प्रेक्टिस नहीं करते।

इस दौरान संगीता जैन अग्रवाल के तेवर बहुत तीखे थे। उन्होंने तमतमाते हुये कहा कि वे डा. तेवतिया के विरुद्ध एफआईआर लिखवायेंगी। साथ ही महिला आयोग को पूरे मामले की रिपोर्ट भेजेंगी। इस संबंध में बिजनौर सीएमओ का कहना है कि चांदपुर में संचालित नवजीवन नर्सिंग होम डा. सुनील तेवतिया की पत्नी डा. नीतू तेवतिया के नाम पंजीकृत है। उधर, पता चला है कि मामले की गूंज लखनऊ तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल डायरेक्टर ने इस मामले में जवाब तलब किया है।

यह भी पता चला है कि सीएमओ डा. सुनील तेवतिया रविवार को बिजनौर के बॉर्डर वाले स्वास्थ्य केन्द्रों में लगे मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के निरीक्षण के लिये मुजफ्फरनगर से निकले थे। इसके बाद वे चांदपुर पहुंच गये। डा. सुनील तेवतिया का आरोप है कि महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल के बेटे का पिछले दिनों मुजफ्फरनगर में डा. मुकेश जैन के यहां आप्रेशन हुआ था। काउंटर साइन नहीं करने पर संगीता जैन उन्हें परेशान कर रही हैं।

# कांग्रेस पिछड़ा विभाग ने SIR प्रक्रिया के विरोध में दिया ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के आह्वान पर जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष मोहित प्रजापति के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित मांग-पत्र जिलाधिकारी बिजनौर को दिया गया। मांग-पत्र में कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति को अवगत कराते हुये कहा कि देश में राज्य दर राज्य चुनाव आयोग द्वारा SIR स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन किया जा रहा है। आम जनमानस में सरकारी व्यवस्था को लेकर निराशा और गुस्सा है। खासकर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्गों को वोट के अधिकार से वंचित होने का खतरा महसूस हो रहा है। साथ ही एस.आई.आर. लागू होने वाले राज्यों में लगातार बी.एल.ओ. कर्मचारियों के आत्महत्या की दुःखद खबरें पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करती हैं। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग राष्ट्रपति से मांग करता है कि सरल एस.आई.आर. प्रक्रिया बनाने की कृपा करें। साथ ही बी.एल.ओ. की सुरक्षा के लिए ज़रूरी कदम उठाने की कृपा करें।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस शेरबाज पठान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, पूर्व मंत्री ओमवती देवी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष/पीसीसी सदस्य नज़ाकत अल्वी, बिजनौर शहर अध्यक्ष हुमायूँ बेग, पूर्व प्रदेश सचिव नीरज चौधरी, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष सरफराज मलिक, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष रामपाल सिंह, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महासचिव शक्ति राय, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश सचिव जसवेंद्र सिंह, पूर्व जिला महासचिव दयावती कश्यप, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ट पश्चिम जोन के उपाध्यक्ष नवेद फरीदी, वरिष्ठ नेता इकबाल अहमद, मुजफ्फरनगर के कोडिनेटर चितवन शर्मा, वरिष्ठ नेता शमीम कुरैशी, धामपुर नगर अध्यक्ष नदीम नज़ाकत खां, पूर्व जिला सचिव डॉ. अथर जुनैद, जिला मीडिया प्रभारी काज़ी आतिफ अली, वरिष्ठ नेता मिथलेश वर्मा, झालू के पूर्व नगर अध्यक्ष मो. रफत, जिला महासचिव अनिल त्यागी, मेहन्द्र कश्यप, कांग्रेस व्यापर प्रकोष्ट पश्चिम जोन सचिव मेराज सिद्दीकी, चौधरी रामपाल सिंह, दलीप कुमार, मो. नोशाद, मो. ज़ाकिर, बबलू सैनी, मो. सद्दाम अंसारी, डॉ. अज़हर अंसारी, चौधरी अरजेंद, भूपेंद्र सिंह, चौधरी नरपाल सिंह, डॉ. राजीव सिंह सैनी, नईम फरीदी, नसीम अहमद, शाकिर अब्बासी, नूरपुर नगर अध्यक्ष निज़ामुद्दीन, नोशाद अहमद उर्फ मुन्ना, गजेन्द्र सिंह आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# 5 दिसम्बर से प्रारंभ होगा सिद्धबली बाबा का तीन दिवसीय वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से श्री सिद्धबली मंदिर धाम में आगामी पांच दिसंबर से तीन दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। पहले दिन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



रविवार को मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ. जेपी ध्यानी व महोत्सव समिति महासचिव विवेक अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन पांच दिसंबर को सुबह 5 बजे पिंडी महाभिषेक, सुबह 7 बजे मंदिर प्रक्रिया के बाद एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। सुबह 8 बजे सिद्धों के डांडा की यात्रा होगी। अपराह्न 3 बजे से नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। सिद्धबली मंदिर से शुरू होकर शोभायात्रा देवी मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। पहले दिन की मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण होंगी।

दूसरे दिन छह दिसंबर को सुबह 5 बजे पिंडी महाभिषेक, सुबह 7 बजे एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। सुबह 11 बजे से गढ़वाली भजन संध्या में भजन एवं लोकगायक मंगलेश डंगवाल भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वर व भारत माता मंदिर हरिद्वार के महामंडलेश्वर ललितानंद महाराज होंगे। तीसरे व अंतिम दिन सात दिसंबर को सुबह 5 बजे पिंडी महाभिषेक व सुबह 7 बजे एकादश कुंडीय यज्ञ होगा। सुबह 10 बजे से गढ़वाली जागर व दोपहर 12 बजे सिद्धबाबा में सवामन रोट प्रसाद चढ़ाने के बाद प्रसाद वितरण होगा। दोपहर 1 बजे से हिंदी भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक लखवीर सिंह लक्खा भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज होंगे।

## आरएसएस का गृह संपर्क अभियान जारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोटद्वार की ओर से संघ के व्यापक गृह संपर्क अभियान के क्रम में रविवार को गाड़ीघाट व विकास नगर बस्ती में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया गया। जिला प्रचार प्रमुख अरविंद दुद्पुड़ी ने बताया कि संपर्क अभियान के अंतर्गत लोगों में राष्ट्रीयता की भावना को जागृत करने हेतु पंच परिवर्तनों को बताया गया। साथ ही संघ के उद्देश्यों और प्रकल्पों पर भी जानकारी दी गई। अभियान में अशोक असवाल, योगेश नेगी, धरमवीर, नकुल प्रजापति, रक्षित और अर्जुन आदि स्वयं सेवकों ने भी सहयोग दिया।

## प्रवेश रावत की कांग्रेस में पुनः एंट्री

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बीते वर्ष पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रवेश रावत की कांग्रेस में फिर से एंट्री हो गई है। कांग्रेस के नवनियुक्त चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने उनका निष्कासन वापस लिया है और उन्हें कांग्रेस में फिर से एंट्री दे दी है। श्री रावत के कांग्रेस में वापसी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि 2027 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए हमें निष्ठावान कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। प्रवेश रावत निष्कासन के बावजूद कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में पूरी तरह से सक्रिय नजर आये। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, रंजना रावत, रमेश चंद खंतवाल, पातीराम ध्यानी, धीरेंद्र सिंह नेगी, जगदीश मेहरा, पूरन चंद तथा विजयपाल मेहरा आदि ने प्रवेश रावत की कांग्रेस वापसी का स्वागत किया है।



## जनपद स्तरीय संस्कृत स्पर्धाओं का समापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित पौड़ी जनपद की जनपद स्तरीय संस्कृत स्पर्धाओं का शनिवार को समापन हो गया है। इस अवसर पर बद्रीनाथ मार्ग स्थित नगर निगम प्रेक्षागृह में वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं का आरंभ मुख्य अतिथि सक्षम संस्था के अध्यक्ष योगम्बर सिंह रावत, डॉ. रमाकान्त कुकरेती, जिला संयोजक रोशन गौड़ व जिला सहसंयोजक कुलदीप मैंदोला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात वरिष्ठ वर्ग के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत संस्कृत समूह नृत्य में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा पहले, ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी दूसरे व राजकीय आदर्श इण्टर कॉलेज धुमाकोट तीसरे स्थान पर रहा। संस्कृत समूहगान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार पहले, जनता इण्टर कॉलेज कमलपुर संगलाकोटी दूसरे और अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज श्रीकोटखाल एकेश्वर तीसरे स्थान पर रहा। संस्कृत नाटक में ब्रिगेडियर विद्या धर.जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी कोट ने पहला,जनता इण्टर कॉलेज लियाखाल पोखड़ा ने दूसरा और जनता इण्टर कॉलेज कमलपुर एकेश्वर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्कृत वाद-विवाद में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी कोट पहले, श्री जयदयाल संस्कृत विद्यालय श्रीनगर खिर्सू दूसरे और श्री ज्वाल्पा धाम संस्कृत विद्यालय कल्जीखाल तीसरे स्थान पर रहा। संस्कृत आशु भाषण में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी कोट पहले, इण्टर कॉलेज इन्दिरापुरी दूसरे और श्री जय दयाल संस्कृत विद्यालय श्रीनगर खिर्सू तीसरे स्थान पर रहा। वहीं संस्कृत श्लोकोच्चारण में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार पहले, श्री ज्वाल्पा धाम संस्कृत विद्यालय पौड़ी दूसरे और ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय भुवनेश्वरी कोट तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिताओं में पंकज ध्यानी, विनीता बिष्ट, मंजू कपरवाण, बीना गौड़ और किशोर बिडालिया आदि शिक्षकों ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। संचालन डा. रोशन बलूनी एवं श्री कुलदीप मैंदोला ने संयुक्त रूप से किया।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# परिजनों ने जताई शिवम की हत्या की आशंका

## पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित ग्राम भटियाना खुशहालपुर में 20 नवंबर को सड़क पर पड़े मिले एक युवक के शव के मामले में उसके परिजनों ने पुलिस को दी गई तहरीर में हत्या किये जाने की आशंका जताते हुए गांव के ही तीन लोगों को नामजद किया है । मृतक की मां शीला देवी पत्नी दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में अवगत कराया है कि उनका 24 वर्षीय पुत्र शिवम 20 नवंबर की रात 8:30 बजे गांव में ही एक समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव भटियाना खुशहालपुर निवासी हरेंद्र उर्फ नन्हें पुत्र जयपाल सिंह हमारे परिवार से पुरानी रंजिश रखते हैं। इसी को लेकर 19 नवंबर को हरेंद्र उर्फ नन्हें ने शिवम के साथ गाली-गलौच की थी। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि 20 नवंबर को जब शिवम गांव में ही एक कार्यक्रम से वापस अपने घर जा रहा था, तो हरेंद्र और उसके परिजनों ने मिलकर शिवम के साथ मारपीट की, जिससे उसकी आंख, नाक और सर में गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम भी कराया था। पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा कायम कर लिया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपी गांव से फरार बताया जा रहा है।

## धूमधाम से मनाया भरत महोत्सव का 9वां संस्करण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डू समथिंग सोसाइटी की ओर से कण्वघाटी स्थित एमके स्पोर्ट्स पार्क में भरत महोत्सव का 9वां संस्करण शनिवार को शुरू हुआ। पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। इस दौरान योग प्रतियोगिता में फैमिली योगी ग्रुप व ओम जी अग्रवाल ग्रुप अपने वर्गों में प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, प्रतियोगिता में सार्थक कंडवाल व खुशी सर्वश्रेष्ठ योगी चुने गए। महोत्सव का उद्घाटन संस्था के संरक्षक प्रकाश चंद्र कोठारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष आरपी पंत, सचिव शंकर दत्त गौड़ व रिपुदमन सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात आयोजित जूनियर वर्ग की योग प्रतियोगिता में फैमिली योगी ग्रुप, पतंजलि ग्रुप व झंड़ीचौड़ ग्रुप ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। ओपन वर्ग में ओम जी अग्रवाल ग्रुप पहले, परमार्थ निकेतन गुरुकुल कण्वाश्रम दूसरे और वरदान योगशाला ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। वॉलीबाल प्रतियोगिता में घराट, एमकेवीएन पैराडाइज, दुर्गापुरी, एमकेवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल व नवयुग पब्लिक स्कूल ने अपने मुकाबले जीते। वहीं हंस फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की नि:शुल्क जांच कर दवाइयां दी गई। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मयंक प्रकाश कोठारी, सचिव विपिन जदली, उपाध्यक्ष रेखा नेगी, सेवानिवृत्त कैप्टन डीपी बलूनी, कांग्रेस नेत्री रंजना रावत, सिंधु कोठारी, शीला देवी, सोनम पंत कोठारी, सुनीता नैथानी, कविता रावत, ज्योति कुलाश्री, राकेश लखेड़ा, विजय लखेड़ा, सुरेंद्र लाल आर्य, पीएल खंतवाल, जनार्दन प्रसाद ध्यानी आदि मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नजीबाबाद ( चिंगारी )। मोटा महादेव बाईपास मार्ग पर रविवार की देर शाम भारत स्टोन क्रेशर के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक का शव काफी देर तक मार्ग पर ही पड़ा रहा। उधर से कार द्वारा गुजर रहे नजीबाबाद निवासी सपा नेता मौ. फुरकान खां ने एक्सीडेंट की घटना देखकर इसकी सूचना तुरंत मंडावली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त शाकिब ( 25वर्ष ) पुत्र राशिद निवासी ग्राम चकवासी थाना धनौरा मंडी जनपद अमरोहा के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार युवक देहरादून से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था, रास्ते में एक्सीडेंट में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भाईचारा बनाओ रैली में चलने की अपील की

नजीबाबाद ( चिंगारी )। आजाद समाज पार्टी मुस्लिम भाईचारा बिजनौर के जिलाध्यक्ष रजत कुमार ने नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम दिनौड़ी पहुंचकर कार्यकर्ताओं से 26 नवम्बर को मुजफ्फरनगर के जीआईसी ग्राउंड में होने वाली संवैधानिक अधिकार बचाओ भाईचारा बनाओ महारैली में पहुंचने की अपील की। उनके साथ जिला प्रभारी साबु मकरानी, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय भटोली आदि मौजूद रहे।

## डम्पर की टक्कर से पंक्चर जोड़ रहा मिस्त्री घायल

मंडावली/ नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के कोटावाली नदी पुल पर रविवार को दोपहर के एक डंपर के पहिये में पंक्चर हो गया, पंक्चर सही करने के लिए मिस्त्री अंकित वैन से आया। मिस्त्री वैन कार डंफर के पीछे खड़ी कर पंचर जोड़ने लगा। इसी दौरान पीछे से दूसरा डंपर तेज गति से आया तथा वहां खड़ी वैन में टक्कर मार दी। जिससे वैन क्षतिग्रस्त हो गई और आगे खड़े मिस्त्री अंकित कुमार निवासी चिड़ियापुर थाना श्यामपुर उत्तराखंड घायल हो गया। टक्कर लगने से पुल के दोनों ओर जाम लग गया। सूचना पर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार, भागूवाला चौकी इंचार्ज संजय कुमार ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड कराकर आवागमन शुरू कराया तथा घायल मिस्त्री को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# अवैध खनन में लगी तीन ट्रैक्टर-ट्राली सीज

चांदपुर ( चिंगारी )। वन विभाग ने अवैध रूप से खनन करने में लगी तीन ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर सीज कर दिया, जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से भाग जाने में सफल हो गये। इस कार्यवाही से अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। वन विभाग के रेंजर दुष्यंत सिंह को रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि गोयली के जंगल में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। रेंजर टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा अवैध खनन में लगी मिट्टी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर वन कार्यालय पर लाकर उन्हें सीज कर दिया। रेंजर दुष्यंत सिंह ने अवैध रूप से खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली को सीज करने की पुष्टि की है।



# एसआईआर फार्म भरवाने के लिए कैम्प में उमड़ पड़े लोग

बरुकी ( चिंगारी )। ग्राम बरुकी में एसआईआर फॉर्म भरने के लिए कंपोजिट विद्यालय परिसर में कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर फॉर्म भरवाए। कैंप के दौरान ग्राम प्रधान पति भूपेंद्र सिंह उर्फ सोनू पाल भी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि एसआईआर फॉर्म भरना किसी के लिए भी परेशानी का कारण नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से ग्रामीणों का नाम सही रूप से मतदाता सूची में दर्ज हो जाता है और वे सरकारी योजनाओं का निरंतर लाभ ले सकते हैं। कैंप में सुपरवाइजर सुलक्षणा आर्य, बीएलओ रिजवान अहमद, कुसुम लता, पूनम रानी, कविता रानी, सुनील भारती और संग्रह अमीन कुंदन सिंह सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रत्येक ग्रामीण को फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाई और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया।




गीजर ही गीजर





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476


## व्यापारी नेता ने किया एसआईआर कैम्प का आयोजन

नजीबाबाद ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला प्रभारी नदीम अहमद एडवोकेट ने कस्बा साहनपुर के मौहल्ला हकीमान स्थित अपने निवास पर एक कैम्प का आयोजन कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे वोटरों के सत्यापन अभियान के तहत बीएलओ द्वारा बांटे गये गणना फार्मों को भरने का काम किया। नदीम अहमद ने बताया कि वह 16 नवम्बर से लगातार कैम्प चला रहे हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से जल्दी से जल्दी अपने फार्म भरवाकर बीएलओ के पास जमा करने की अपील की। कैम्प में नदीम अहमद एड. के साथ मौ. तारिक एड., मौ. आसिफ खान एड. व मौ. आरिफ एड. मौजूद रहे।

## फार्मों को अपलोड करने का कार्य संतोषजनक नहीं

नहटौर ( चिंगारी )। विकास खंड के सभागार मे न्यायिक मजिस्ट्रेट रामाश्रय ने कहा कि गणना के प्रपत्र इकट्ठे कर डिजिटल ऑनलाइन की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एसआईआर फार्म घर तक पहुंचाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, मगर अभी तक फार्मों को लोडिंग का कार्य संतोषजनक नहीं है। इस कार्य को समय से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार, धनराज सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, एडीओ दीनदयाल सिंह, एडीओ पंचायत मनोज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव पंकज सैनी, दीप अमर रही। जयवीर सिंह, केशव कुमार, अंतरिक्ष कुमार, विशेष कुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901